# वियतनाम यात्रा – हनोई, फु कॉक, बाना हिल्स, गोल्डन ब्रिज, दा नांग, होई आन, हो ची मिन

**यात्रा समय: 09 दिन**




**यात्रा प्रारम्भः 08 मार्च, 05 जुलाई एवं 20 सितम्बर 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला दिन | **दिल्ली** से प्रातः फ्लाइट द्वारा हो ची मिन आगमन। शहर का भ्रमण वार रिमनेंट्स म्यूजियम, सैगॉन सेंट्रल पोस्ट ऑफिस एवं नोट्रे डेम कैथेड्रल, गुयेन ह्यू वॉकिंग स्ट्रीट। शाम को वॉटर पपेट शो एवं भोजन पश्चात बुई वियन वॉकिंग स्ट्रीट का आनंद। रात्रि विश्राम हो ची मिन सिटी में। |
| दूसरा दिन | **हो ची मिन** से प्रातः फ्लाइट द्वारा फु कॉक आगमन। होटल चेक-इन व शाम को ग्रैंड वर्ल्ड फु कॉक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। रात्रि विश्राम फु कॉक में। |
| तीसरा दिन | **फु कॉक** विनवंडर्स एवं विनपर्ल सफारी एवं विनवंडर्स थीम पार्क का आनंद। शाम को साउथ फु कॉक जाकर सूर्यास्त दर्शन। रात्रि फु कॉक में। |
| चौथा दिन | **फुकॉक** साओ बीच एवं अन्य बीचों का आनंद। होन थोम केबल कार कीसवारी। शाम को किस ब्रिज, सांस्कृतिक कार्यक्रम या नाइट मार्केट। रात्रि फुकॉक में। |
| पाँचवाँ दिन | **दानांग** फ्लाइट द्वारा फुकॉक से आगमन। दोपहर होटल में चेक-इन एवं विश्राम। शाम को हान मार्केट, दा नांग नाइट मार्केट एवं ड्रैगन ब्रिज का आनंद। रात्रि दानांग। |
| छठा दिन | **बाना हिल्स एवं होई आन** प्रातः बाना हिल्स के लिए प्रस्थान, जिसमें गोल्डन ब्रिज, फ्रेंच विलेज एवं फैंटेसी पार्क आदि शामिल। शाम को होई आन प्राचीन नगर का भ्रमण, लालटेन से सजी गलियाँ, नदी क्रूज़ एवं स्ट्रीट फूड का आनंद। रात्रि विश्राम दानांग में। |
| सातवाँ दिन | **होई आन** में नारियल नाव की सवारी। बाज़ारों एवं नदी किनारे कॉफ़ी का आनंद। दोपहर को दानांग वापसी व शाम को फ्लाइट द्वारा हनोई के लिए प्रस्थान। रात्रि विश्राम हनोई में। |
| आठवाँ दिन | **हनोई** प्रस्थान। वहाँ से हालॉन्ग बे डे क्रूज़ यात्रा, जिसमें गुफाओं, छोटे द्वीपों का भ्रमण। शाम हनोई वापसी। रात्रि विश्राम हनोई में। |
| नवां दिन | **हनोई** में प्रातः होची मिन्ह परिसर (समाधि स्थल, वन पिलर पगोडा, प्रेसिडेंशियल पैलेस), साहित्य मंदिर, होआ लो जेल संग्रहालय। वेस्ट लेक एवं त्रान कॉक पगोडा का भ्रमण। हनोई से फ्लाइट द्वारा शाम को दिल्ली के लिए प्रस्थान व दिल्ली एअरपोर्ट पर वियतनाम यात्रा की मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा का समापन। |

**नोट: कृपया वियतनाम यात्रा के नियम पेज नं 39 को ध्यानपूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक करायें।**

# वियतनाम विदेश यात्रा के नियम व सुविधाएँ

| यात्रा दिनांक | यात्रा अवधि | यात्रा शुल्क |
|---|---|---|
| 08 मार्च, 05 जुलाई एवं 20 सितम्बर 2026 | 8 दिन/7 रातें | ₹79,000/- प्रति व्यक्ति। |
| 08 मार्च, 05 जुलाई एवं 20 सितम्बर 2026 | 9 दिन/8 रातें | ₹86,000/- प्रति व्यक्ति। |

उपरोक्त दोनों यात्रा में शामिल आने-जाने की इंटरनेशनल फ्लाइट टिकट, शहरों के बीच 3 डोमेस्टिक फ्लाइट्स, पुशबैक डीलक्स A/C बस/मिनी बस, A/C डबल बेड होटल रूम, वीजा का खर्च, भोजन, चाय, नाश्ता आदि। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹**25,000/-** ऑनलाइन मध्य प्रदेश प्रतिनिधि कुलदीप/अनिल धारिया जी उज्जैन के बैंक खाते में या नगद जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से 10 दिन पूर्व ली जायेगी। विशेष सूचना: यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है, तो अग्रिम राशि वापसी नहीं की जाएगी। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है, जिससे किराये में वृद्धि का अंतर यात्री द्वारा देय होगा।

**भोजन व निवास:** प्रतिदिन सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का शाकाहारी भोजन मिलेगा। जो होटल मेनू में निश्चित रहेगा। भोजन होटल या स्थानीय रेस्तरां में उपलब्धता अनुसार दिया जाएगा। यात्रियों को डबल बेड साझा कमरे दिए जाएँगे। यदि कोई यात्री सिंगल रूम लेना चाहता है तो उसे ₹**12,000/-** अतिरिक्त शुल्क देना होगा। होटल का चेक-इन/चेक-आउट स्थानीय नियमों एवं समय के अनुसार होगा।

**हवाई यात्रा व सामान नियम:** हवाई यात्रा हेतु प्रत्येक यात्री को 20 किलो तक का चेक-इन सामान एवं 7 किलो तक का हैंड बैग ले जाने की अनुमति होगी। अतिरिक्त सामान का शुल्क एयरलाइन द्वारा सीधे लिया जाएगा। हवाई अड्डे पर ट्रांसफर के दौरान यात्रियों को अपना सामान स्वयं संभालना होगा।

**आवश्यक दस्तावेज:** यात्रा के लिए पासपोर्ट की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता यात्रा की तिथि से कम से कम 6 महीने शेष होनी चाहिए। यात्रियों को हमेशा अपना मूल पासपोर्ट, वीज़ा एवं ई-टिकट साथ रखना होगा। वैध दस्तावेज़ न होने पर बोर्डिंग की अनुमति नहीं होगी और यात्रा का शुल्क वापस नहीं होगा। बुकिंग के बाद पासपोर्ट की डिटेल पेज की कॉपी **WhatsApp (9640100200)** पर भेजनी होगी।

**स्थानीय परिवहन:** वियतनाम में यात्रा हेतु वातानुकूलित बस/मिनी कोच या वैन द्वारा परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। समूह के आकार के अनुसार वाहन चुना जाएगा। कुछ शहरों में स्थानीय यातायात नियमों और संकरी गलियों के कारण छोटे वाहन भी प्रयोग किए जा सकते हैं।

**विशेष निर्देश व नियम:** दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग व हालॉन्ग बे डे क्रूज शुल्क, वाटर स्पोर्ट्स, केबल कार, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो, बाना हिल्स टिकट तथा व्यक्तिगत शॉपिंग खर्च पैकेज में शामिल नहीं होंगे। वियतनाम में आगमन के बाद, आप एयरपोर्ट पर अपनी आवश्यकता अनुसार स्थानीय रूपया (मुद्रा) और सिम कार्ड ले सकते हैं। अपने सामान और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक यात्री की स्वयं होगी। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत बीमारी, दुर्घटना या मूल्यवान वस्तुओं के नुकसान की जिम्मेदारी संस्था नहीं लेगी। अगर कोई यात्री अस्वस्थ होकर यात्रा बीच में छोड़ देता है, तो बस वाहन की व्यवस्था और खर्च यात्री का स्वयं का जिम्मेदारी होगी। कोई भी राशि वापसी नहीं की जाएगी। आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर की व्यवस्था की जा सकती है, परंतु उसका खर्च यात्री को स्वयं वहन करना होगा। समय पालन अनिवार्य है। कोई भी यात्री देर पूर्वक पहुँच जाता है तो अगले गंतव्य पर स्वयं के खर्च पर पहुँचना होगा। बसें निर्धारित स्थलों की पार्किंग तक ही जाएंगी, वहाँ से दर्शनीय स्थलों की दूरी बहुत कम होगी, यात्री स्वयं के खर्च पर पैदल या रिक्शा द्वारा वंहा जा सकते हैं।

**आपात स्थिति व परिवर्तन:** मौसम की खराबी, बस/प्लेन/रेल के विलम्ब, अथवा स्थानीय कारणों जैसे त्योहार, सामयिक अवसर, बंद आदि के कारण कुछ स्थलों के दर्शन संभव नहीं हो पाते हैं। ऐसी स्थिति में कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। यात्रियों के हित व सुविधा के लिए कुछ परिवर्तनों में धैर्य और सहयोग बनाये रखें। यात्रा संस्था आपकी सुविधा का पूरा प्रयास करता है, फिर भी यात्रा के दौरान कुछ असुविधा संभव है । कृपया इसे स्वीकार करें और यात्रा मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।